तापमान
अधिकतम 20.7 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार 20 मार्च 2026

9 अनुबंधित शिक्षकों की सेवा-सुरक्षा को लेकर...

10 निगम की टीम ने काटे 9 चालान, 15,500...


## शहर में आज

- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे से
- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की प्रेसवार्ता साढ़े 12 बजे।
- संकट मोचन मंदिर में नवरात्रों पर कीर्तन शाम 4 बजे।

## खबर संक्षेप

### एमडीयू ने जारी किया परीक्षा परिणाम

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने दिसंबर 2025 में आयोजित बीटीटीएम (नॉन एनईपी) के पांचवें और सातवें सेमेस्टर रेगुलर तथा पहले और तीसरे सेमेस्टर री-अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो राहुल ऋषि ने बताया कि परीक्षा परिणाम विवि वेबसाइट पर उपलब्ध रहेंगे।

### रिसर्च मेथोडोलॉजी विषय पर कार्यशाला 27 को

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के रक्षा एवं सामरिक अध्ययन विभाग 27 मार्च को रिसर्च मेथोडोलॉजी विषय पर कार्यशाला होगी। विभागाध्यक्ष प्रो. शालिनी सिंह ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य शोध पद्धति के विभिन्न आयामों से प्रतिभागियों को अवगत कराना तथा उन्हें अनुसंधान कार्य में उपयोगी नवीन दृष्टिकोण प्रदान करना है। यह कार्यशाला विभाग के सेमिनार हॉल में प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होगी।

### गोवंश की प्रतियोगिता का आयोजन 23 को

**रोहतक।** अंतरराष्ट्रीय हरियाणा नस्ल गोवंश की प्रतियोगिता व प्रदर्शनी 23 मार्च को बहुअकबरपुर स्थित इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वेटेरनरी एजुकेशन एंड रिसर्च में होगी। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत मुख्य अतिथि व हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा विशेष अतिथि होंगे। आयोजन हरियाणा गोसेवा आयोग के तत्वावधान में बीओएस इंडीकस फॉमर्स एसोसिएशन की ओर से किया जा रहा है। एसोसिएशन प्रधान अमित कुमार ने बताया कि प्रदर्शनी के लिए 3500 आए हैं।

### रेलवे ट्रैक पर महिला का कटा हुआ शव मिला

**रोहतक।** गांव लाखनमाजरा के पास रेलवे फ्लाईओवर महम रोड से जींद की ओर जाने वाली रेलवे पटरी पर एक अज्ञात महिला का कटा हुआ शव मिला है। मृतका की उम्र करीब 35 से 40 वर्ष है। सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। प्राथमिक जांच के बाद शव को शिनाख्त के लिए पीजीआई के डेड हाउस में रखवाया गया है।

## मौसम में आए बदलाव से किसान चिंतित, उत्पादन पर पड़ सकता है असर

# बरसात से झुकी गेहूं की फसल तेज हवाओं से बिछने का खतरा

- रोहतक व आसपास के क्षेत्रों में दूसरे दिन भी बारिश हुई, अगले 24 घंटे में मौसम साफ होने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते जिले में वीरवार को लगातार दूसरे दिन भी कई इलाकों में हल्की बारिश दर्ज की गई। सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे और ठंडी हवाओं के साथ रुक-रुककर बूंदाबांदी होती रही। शाम को 4 बजे कुछ स्थानों पर बारिश हुई। तापमान में गिरावट से लोगों को ठंडक का अहसास करा दिया। जिले में अधिकतम पारा सामान्य से 10.5 डिग्री सेल्सियस की भारी गिरावट के साथ 20.7 डिग्री दर्ज किया गया। आमतौर पर इस समय तापमान काफी अधिक रहता है। बरसात ने किसानों को पूरी तरह से चिंता में डाल दिया है। क्योंकि दो दिन से बरसात हो रही है, खड़ी फसल भारी हो जाएगी। ऐसे में अगर तेज हवा चलेगी तो फसल बिछ जाएगी। इससे पकाई सही नहीं होगी और असर पैदावार पर पड़ेगा। न्यूनतम तापमान भी 0.6 डिग्री गिरकर 18.0 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जो सामान्य से 2.7 डिग्री कम रहा। मौसम में आए इस बदलाव से लोगों को हल्की ठंड का अहसास हुआ। प्रशासनिक बुलेटिन के अनुसार पिछले 24 घंटे में जिले के महम खंड में 3, सांपला में 4, कलानौर में 1, लाखनमाजरा और रोहतक खंड में 3 मिलीमीटर बरसात दर्ज की गई। वीरवार देर शाम तक रुक-रुककर बरसात हो रही थी।



### फिलहाल धूप फसलों के लिए ज्यादा जरूरी

किसानों के लिए यह मौसम चिंता का कारण भी बना है। क्योंकि इस समय फसलों को अधिक धूप की जरूरत है। आईएमडी चंडीगढ़ के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से अगले 24 घंटे तक मौसम में बदलाव बना रह सकता है। गांव कंसाला के किसान नरेश ने कहा कि इस समय गेहूं की फसल पकने की अवस्था में है और बारिश के साथ तेज हवाओं से खड़ी फसल गिरने का खतरा है, जिससे उत्पादन पर असर पड़ सकता है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि मार्च माह में इस तरह के पश्चिमी विक्षोभ सामान्य हैं, लेकिन फसलों की स्थिति को देखते हुए यह बारिश संवेदनशील समय पर आई है। किसानों को सलाह दी गई है कि वे मौसम की अपडेट पर नजर रखें और जरूरत पड़ने पर फसल की सुरक्षा के उपाय अपनाएं।

▶▶| रोहतक में अधिकतम तापमान 20.7 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से 10.5 डिग्री कम रहा

▶▶| 18.0 रिकॉर्ड किया गया न्यूनतम पारा, 0.6 डिग्री गिरावट के साथ सामान्य से 2.7 डिग्री रहा कम

### तेज बारिश से शहर की बिजली व्यवस्था ठप, कई इलाकों में छाया रहा अंधेरा

- प्रेम नगर, सेक्टर-4, कबीर कॉलोनी व आईएमटी क्षेत्र प्रभावित, लोगों को उठानी पड़ी परेशानी

**रोहतक।** शहर में हुई तेज बारिश ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। बारिश के चलते शहर के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे देर शाम तक लोगों को अंधेरे में रहना पड़ा। बिजली गुल होने के कारण घरों से लेकर गलियों तक अंधेरा छा गया और लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। प्रभावित क्षेत्रों में प्रेम नगर, सेक्टर-4, कबीर कॉलोनी और आईएमटी क्षेत्र प्रमुख रूप से शामिल हैं। इन इलाकों में बारिश के दौरान ही बिजली आपूर्ति बंद हो गई, जो काफी देर तक बहाल नहीं हो सकी। स्थानीय लोगों का कहना है कि अचानक बिजली कटने से घरों में जरूरी कामकाज ठप हो गया, वहीं बच्चों और बुजुर्गों को अधिक परेशानी उठानी पड़ी। बारिश के साथ तेज हवाओं के कारण बिजली लाइनों और ट्रांसफॉर्मरों पर असर पड़ा, जिससे सप्लाई बाधित हुई। कई जगहों पर जलभराव की स्थिति भी देखने को मिली, जिससे समस्या और बढ़ गई। लोगों ने बिजली विभाग से जल्द से जल्द आपूर्ति बहाल करने की मांग की। उनका कहना है कि गर्मी और उमस के बीच बिजली न होने से हालात और भी मुश्किल हो जाते हैं। वहीं विभाग की टीमों द्वारा फॉल्ट को ठीक करने का कार्य जारी बताया जा रहा है।

## अदालत के दो अहम फैसले

# खरैंटी की मंदीप कौर के हत्यारे को कठोर आजीवन कारावास

- मंदीप कौर के भाई ने कहा- हमारा परिवार अदालत के फैसले से पूरी तरह संतुष्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

खरैंटी गांव की बेटी मंदीप कौर के हत्यारे को आखिरकार साढ़े तीन साल बाद सजा मिल गई। फतेहाबाद के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश तरुण सिंगल ने वीरवार को दोषी संदीप उर्फ हनुमान को आजीवन कठोर कारावास और 1.10 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना अदा न करने पर आरोपी को जुर्माना न भरने पर क्रमशः 3 माह और 1 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। फैसले की खबर मिलते ही खरैंटी गांव में पीड़ित परिवार को कुछ हद तक न्याय मिलने का अहसास हुआ, हालांकि बेटी को खोने का दर्द आज भी बरकरार है। मामला 1 सितंबर 2022 का है, जब मंदीप कौर मायके से अपने बेटे के साथ ट्रेन में टोहाना लौट रही थी। इस दौरान जींद के गांव कालवन निवासी संदीप ने उससे छेड़छाड़ शुरू कर दी। कौर ने जब इसका विरोध किया तो आरोपी ने उसे चलती ट्रेन से धक्का दे दिया। पटरी पर गिरते ही उसकी मौत हो गई। इस घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया था।

मृतका के पति के बयान पर जीआरपी हिसार थाने में छेड़छाड़ व हत्या की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया। पुलिस ने गहन जांच कर साक्ष्य जुटाए और आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया।

### महिला सुरक्षा के प्रति कड़ा संदेश

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला अटॉर्नी डॉ. नरेंद्र सिंह ने मामले की प्रभावी पैरवी की, जिला न्यायवादी देवेंद्र मित्तल व उपनिदेशक अभियोजन डॉ. सुनील कुमार खिच्ची के अनुसार, अदालत में ऐसे पुख्ता और वैज्ञानिक साक्ष्य प्रस्तुत किए गए जिन्हें आरोपी पक्ष खारिज नहीं कर सका और पीड़ित परिवार को अपेक्षाकृत कम समय में न्याय मिला। खरैंटी गांव के लोगों का कहना है कि यह फैसला समाज में महिलाओं की सुरक्षा के प्रति एक कड़ा संदेश है। मृतका के भाई वाजिंदर सिंह ने कहा कि हमारा परिवार अदालत के फैसले से पूरी तरह संतुष्ट है। बहन को न्याय दिलाने के लिए मुझे काफी परेशानियां तो झेलनी पड़ी, लेकिन परिणाम अच्छा मिला है।

# देव कॉलोनी की निशा के कत्ल में दो दोषियों को सुनाई उम्रकैद की सजा

**रोहतक।** महिला की हत्या कर शव गोहाना-सोनीपत रेलवे लाइन पर फेंकने के मामले में एएसजे संदीप कुमार दुग्गल की कोर्ट ने दोनों दोषियों नेमीचंद्र उर्फ बीरु और सन्नी को उम्र कैद की सजा सुनाई है। इसके अलावा दोनों पर जुर्माना भी लगाया गया है जिसकी अदायगी न किए जाने पर अतिरिक्त सजा काटनी होगी। मामले के अनुसार, 7 जुलाई 2020 की सुबह जीआरपी रोहतक ने एक महिला का शव चिन्नोट कॉलोनी के पास गोहना-सोनीपत रेलवे लाइन से बरामद किया था। जांच-पड़ताल में मृतका की पहचान देव कॉलोनी निवासी 40 वर्षीय निशा के तौर पर हुई। मृतका के बेटे मनोज की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया और शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मृतका के बेटे मनोज से पूछताछ की तो उसने बताया कि नेमीचंद्र उर्फ बीरु का उनके घर पर आना-जाना था। वह मम्मी से फोन पर बात करता था। मम्मी को धमकाता था। 4 जुलाई को मम्मी की बीरू से फोन पर बात हो रही थी, तब बीरु मम्मी से कड़ी आवाज में बात कर रहा था। मैंने मम्मी से पूछा कि किससे बात हो रही है? तब मम्मी ने बताया कि बीरु धमकी दे रहा है। इसके बाद पुलिस ने नेमीचंद्र उर्फ बीरु व उसके साथी सन्नी को गिरफ्तार कर निशा हत्याकांड का खुलासा किया और आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी। जिसके आधार पर कोर्ट ने दोनों आरोपियों को दोषी करार दिया और सजा सुनाई है।

# बंदर पकड़ने वाले भागे; ब्लैकलिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में बंदरों का बढ़ता आतंक आमजन के लिए गंभीर समस्या बनता जा रहा है। हालात ये हैं कि बंदरों ने लोगों का घरों से बाहर निकलना तक मुश्किल कर दिया है। इसी बीच नगर निगम ने जिस एजेंसी को बंदर पकड़ने के लिए वर्क ऑर्डर दिया था, उसने काम करने से मना कर दिया है, ऐसे में निगम कमिश्नर डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने एजेंसी को ही ब्लैकलिस्ट कर दिया है। ताकि वह आगे ऐसी हरकत किसी अन्य के साथ न कर सके। नगर निगम ने हाल ही में 500 बंदरों को पकड़ने का वर्क ऑर्डर एक एजेंसी को दिया था। इसके तहत प्रति बंदर 1100 रुपये का भुगतान तय किया गया था। लेकिन एजेंसी ने अचानक काम करने से इंकार कर दिया। इसके पीछे क्या कारण हैं, ये स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन इसका सीधा असर शहरवासियों पर पड़ा है। शहर के कई इलाकों में बंदरों का आतंक चरम पर है। लोग बताते हैं कि बंदर न केवल कपड़े फाड़ देते हैं, बल्कि घरों की छतों पर रखे गमलों को तोड़ देते हैं और यहां तक कि बिजली की फिटिंग को भी नुकसान पहुंचा देते हैं। कई बार ये बंदर घरों के अंदर घुसकर खाने-पीने का सामान भी बर्बाद कर देते हैं। नगर निगम में इस समस्या को लेकर लगातार शिकायतें पहुंच रही हैं। इसके अलावा वार्ड पार्षदों के पास भी सैकड़ों की संख्या में शिकायतें दर्ज हो रही हैं। पार्षदों का कहना है कि लोग काफी परेशान हैं और जल्द से जल्द कोई ठोस समाधान चाहते हैं और प्रशासन से जल्द कार्रवाई की उम्मीद लगाए बैठे हैं, ताकि उन्हें बंदरों के आतंक से राहत मिल सके।

### प्रति माह 30 से ज्यादा लोग हो रहे बंदरों के शिकार

स्वास्थ्य के लिहाज से भी यह समस्या गंभीर होती जा रही है। पीजीआई और सिविल अस्पताल में हर महीने 30 से ज्यादा लोग बंदरों के काटने के कारण अस्पताल पहुंच रहे हैं। इनमें बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल हैं, जो बंदरों के हमलों का आसान निशाना बनते हैं। डॉक्टरों का कहना है कि बंदर के काटने के मामलों में तुरंत इलाज जरूरी होता है, नहीं तो संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है।

### पूरी तैयारी थी



हमने बंदर पकड़ने के लिए पूरी तैयारी कर रखी थी। एजेंसी को वर्क ऑर्डर तक अलॉट किया जा चुका था। लेकिन उसके बावजूद एजेंसी ने काम करने से मना कर दिया। ऐसे में एजेंसी को ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है। **-डॉ. आनंद कुमार शर्मा, आयुक्त , नगर निगम**

### बुरा हाल



वार्ड-10 में बंदरों ने काफी बुरा हाल किया हुआ है। हर घर इनसे परेशान है, गांव में बंदर ज्यादातर महिलाओं को काट रहे हैं। घरों में घुस जाते हैं, महिला पीछे भागती है तो बंदरों का झुंड वापस काटने के लिए पीछे भाग पड़ता है। बुधवार को भी बंदरों ने एक महिला को घर पर ही काट लिया। गांव से शिकायतें भी बहुत मिल रही हैं, लेकिन आश्वासन ही दिया जा रहा है। **-मनीषा नांदल, पार्षद, वार्ड-10**

## रियल-टाइम में सटीक निगरानी, हेल्थ टेक में बड़ा कदम

# 'टैटू पैच': अब पसीना बताएगा आपका तनाव

- केवल 5 रुपये के सिक्के के आकार जितना स्मार्ट पैच तैयार
- आईआईटी दिल्ली के वैज्ञानिक डॉ. नवीन कुमार सिंह की तकनीक

रोहित डागर ▶▶| रोहतक



आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में बढ़ता तनाव अब साइलेंट किलर बन चुका है, लेकिन अब इसे नजरअंदाज करना आसान नहीं होगा, क्योंकि विज्ञान ने ऐसा तरीका खोज लिया है, जिसमें आपका शरीर खुद आपके तनाव की कहानी बताएगा। आईआईटी दिल्ली के जैव चिकित्सा अभियांत्रिकी केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. नवीन कुमार सिंह ने एक ऐसा स्मार्ट अणु और 'टैटू पैच' विकसित किया है, जो रियल-टाइम में तनाव मापने में सक्षम है। 5 रुपये के सिक्के के आकार का यह छोटू पैच त्वचा पर चिपकता है और पसीने के जरिए शरीर में मौजूद तनाव हार्मोन (कॉर्टिसोल) को मापता है और रियल-टाइम डेटा देता है।



### ऐसे करता है काम

यह छोटा सा पैच पसीने को इकट्ठा करता है और उसमें मौजूद कॉर्टिसोल के स्तर को मापता है। जैसे ही एप्टामर कॉर्टिसोल से जुड़ते हैं, एक सूक्ष्म विद्युत संकेत पैदा होता है, जिसे मोबाइल एप के जरिए पढ़ा जा सकता है। अब तक इस्तेमाल हो रहे हार्ट बीट आधारित डिवाइस जहां अनुमान लगाते हैं, वहीं यह पैच सीधे हार्मोन को ट्रैक करता है। यानी सटीक और भरोसेमंद परिणाम।

### जानें...क्या है यह 'स्मार्ट अणु' तकनीक

खोज की असली ताकत हैं एप्टामर लैब में तैयार किए गए न्यूक्लिक एसिड (डीएनए/आरएनए) अणु, जिन्हें खास तौर पर यूं डिजाइन किया जाता है कि वे शरीर में किसी खास लक्ष्य, जैसे प्रोटीन या हार्मोन से सटीक रूप से जुड़ सकें। ये पारंपरिक एंटीबॉडी जैसे होते हैं, लेकिन उनसे कई मायनों में बेहतर हैं। इस तकनीक से आप ऑफिस में काम करते हुए, एक्सरसाइज करते समय या सामान्य दिनचर्या में अपने तनाव स्तर को लगातार ट्रैक कर सकते हैं।

### यह भी जानें

- **ऐसा है पैच** : यह छोटा, टैटू जैसा पैच है, जो 5 रुपये के सिक्के के आकार का है। जिसे त्वचा पर लगाया जा सकता है।
- **क्या है एप्टामर** : लैब में बने डीएनए/आरएनए अणु, जो खास लक्ष्यों से जुड़ते हैं
- **क्यों खास?** : -एंटीबॉडी से सस्ते, टिकाऊ व तेज निर्माण
- **डेटा कैसे मिलेगा?** : -मोबाइल एप पर रियल-टाइम अपडेट
- **भविष्य में उपयोग** : बीमारियों की पहचान में भी सहायक
- **डेटा सुरक्षित** : एन्क्रिप्शन व सुरक्षित स्टोरेज तकनीक से उपयोगकर्ता की गोपनीयता बनी रहती है।

### इसलिए गेम चेंजर

- सस्ता और आम लोगों की पहुंच में
- रियल-टाइम व सटीक तनाव मापन
- पहनने में आसान, दिनभर उपयोग संभव
- डिजिटल हेल्थ के नए युग की शुरुआत

**चुनौतियां:** बहुत सूखी त्वचा या ज्यादा पसीने की स्थिति में इसके प्रदर्शन पर असर पड़ सकता है। संवेदनशील त्वचा पर हल्की जलन हो सकती है।

### स्वास्थ्य की निगरानी

डॉ. नवीन कुमार सिंह की यह तकनीक सिर्फ एक डिवाइस नहीं, बल्कि स्वास्थ्य निगरानी के भविष्य की झलक है। अगर यह बड़े स्तर पर लागू होती है, तो वह दिन दूर नहीं जब बीमारी का इंतजार नहीं, बल्कि पहले से चेतावनी मिलना आम बात होगी।



## खबर संक्षेप

### सिरतार में हुआ दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण

**रोहतक।** सिरतार में भारतीय पुनर्वास परिषद के तत्वावधान में दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का मुख्य विषय इंपैक्ट ऑफ ट्रॉमा ऑन लर्निंग - बिहेवियर रहा, जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. एडी पासवान ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरसीआई के पूर्व सदस्य सचिव डॉ. सुबोध कुमार रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पीजीआईएमएस रोहतक के डॉ. प्रदीप कुमार रहे। मुख्य अतिथि ने बताया कि मानसिक आघात बच्चों के मस्तिष्क विकास, स्मृति और एकाग्रता को गहराई से प्रभावित करता है।

### क्षेत्र का सामाजिक सौहार्द नहीं बिगड़ने देंगे:अजीत

**महम।** भाजपा नेता अजीत अहलावत ने गत दिवस चौबीसी चबूतरे पर रोहिंग्या के मुद्दे पर एक पंचायत आयोजित की थी। इस पंचायत में की गई टिप्पणियों से नाराज कई सामाजिक व राजनैतिक संगठनों के लोगों ने एसडीएम व डीएसपी को ज्ञापन सौंपे थे। इसमें कहा गया था कि भाजपा द्वारा सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा है। अजीत अहलावत ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि महम क्षेत्र का सामाजिक सौहार्द और भाई चारा बिगड़ने नहीं दिया जाएगा। महम चौबीसी इलाका भाईचारे के लिए दूर दूर तक जाना जाता है।

### नुक्कड़ नाटक से स्कूली सुविधाओं पर किया जागरूक

**रोहतक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बखेता में दाखिले बढ़ाने के लिए प्रोमिला प्रवक्ता संस्कृत व मोनिका द्वारा तैयार करवाया गया नुक्कड़ नाटक गाँव बखेता की चौपाल में विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किया। जिसमें छात्राओं द्वारा बहुत ही उत्साह से शिक्षा महत्व को और सरकारी स्कूल में दी जाने वाली सुविधाओं का वर्णन करते हुए अपनी शानदार प्रस्तुती दी । इस अवसर पर सभी स्टाफ सदस्य व एसएमसी सदस्य उपस्थित रहे । कार्यक्रम के अन्त में प्राचार्या सुशीला देवी द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी सभी उपस्थित लोगों के साथ सांझा की गई तथा अधिक से अधिक दाखिले सरकारी स्कूल में करवाने की अपील की।

## जिले में बढ़ी सप्लाई, फिर भी एजेंसियों पर कतार

# गैस की कालाबाजारी दिखे तो हेल्पलाइन नंबर 01262-269895 पर करें संपर्क

- प्रतिदिन 7 हजार से बढ़ाकर 8000 से ज्यादा की डिलीवरी
- ग्राहक डर के मारे ज्यादा पैनिक बुकिंग करा रहे
- एक सिलेंडर खत्म होने से पहले ही दूसरा मंगवा रहे




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने एलपीजी गैस की कालाबाजारी, जमाखोरी और अनाधिकृत प्रयोग पर सख्त रुख अपनाते हुए वीरवार को चेतावनी दी है कि ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि गैस आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन लगातार निगरानी कर रहा है और किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीसी ने बताया कि इस व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए जिला स्तर पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। ये अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में एलपीजी से जुड़ी शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करेंगे। साथ ही संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि वे नियमित निरीक्षण कर गैस वितरण प्रणाली पर नजर बनाए रखें।

### डीसी के निर्देश-दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करें

प्रशासनिक आदेशों के अनुसार, सहायक खाद्य एवं पूर्ति अधिकारी अशोक कुमार (9416283975) को रोहतक व सांपला क्षेत्र का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं, सहायक खाद्य एवं पूर्ति अधिकारी कुसुमलता (9518175506) को महम, कलानौर और लाखनमाजरा क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ये अधिकारी शिकायत मिलने पर तुरंत कार्रवाई करेंगे। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने आमजन से अपील की है कि यदि उन्हें एलपीजी गैस की कालाबाजारी या किसी भी प्रकार की अनियमितता की जानकारी मिलती है तो वे तुरंत संबंधित नोडल अधिकारी या जिला हेल्पलाइन नंबर 01262-269895 पर संपर्क करें। अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटान किया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रशासन का कहना है कि उपभोक्ताओं को पारदर्शी और निर्बाध गैस आपूर्ति उपलब्ध कराना प्राथमिकता है।

### अजीब विरोधाभास

कभी 7000 घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की रोजाना डिलिवरी करने वाला रोहतक जिला अब एक अजीब विरोधाभास से गुजर रहा है। ईरान-अमेरिका तनाव के दौरान जब सप्लाई घटकर 5000-6000 सिलेंडर प्रतिदिन रह गई थी, तब संकट स्पष्ट दिखता था। लेकिन अब जब आपूर्ति बढ़कर 8000-8500 सिलेंडर रोजाना हो चुकी है, तब भी जिले में गैस को लेकर मारामारी थमने का नाम नहीं ले रही। सवाल उठ रहा है कि आखिर बढ़ी हुई सप्लाई के बावजूद यह अफरा-तफरी क्यों। विशेषज्ञों और अधिकारियों का मानना है कि इस स्थिति के पीछे सबसे बड़ा कारण पैनिक बुकिंग है। जैसे ही लोगों को कमी की खबर मिली, उपभोक्ताओं ने जरूरत से पहले ही सिलेंडर बुक कराने शुरू कर दिए। कई घरों में एक सिलेंडर खत्म होने से पहले ही दूसरा मंगवाया जा रहा है।

### रखी जा रही कड़ी नजर

प्रशासन अब इस स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सख्ती के संकेत दे रहा है। कालाबाजारी, जमाखोरी और अनाधिकृत उपयोग पर नजर रखी जा रही है। साथ ही, एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे पारदर्शी तरीके से डिलिवरी सुनिश्चित करें और उपभोक्ताओं को समय पर जानकारी दें। फिलहाल रोहतक में गैस सिलेंडर की कहानी किसी सूखे कुएं की नहीं, बल्कि उस भीड़ की है जो पानी से भरे घड़े के चारों ओर घबराहट में धक्का-मुक्की कर रही है। आपूर्ति का नल खुला है, पर डर का ढक्कन कसकर बंद नहीं हुआ। जब तक यह ढक्कन नहीं खुलेगा, तब तक बढ़ी हुई सप्लाई भी राहत का अहसास नहीं दिला पाएगी।

### काम बढ़ा, डिलीवरी बॉय भी हुए परेशान

गैस एजेंसी संचालकों के अनुसार, सामान्य दिनों में एक परिवार औसतन 25-30 दिन में एक सिलेंडर उपयोग करता है। लेकिन पिछले कुछ दिनों में यही अंतर घटकर 15-20 दिन रह गया है। यानी लोग जरूरत से पहले गैस जमा करने लगे हैं। यह व्यवहार बाजार में असंतुलन पैदा कर रहा है, भले ही कुल आपूर्ति बढ़ चुकी हो। दूसरी ओर, वितरण व्यवस्था भी दबाव में है। डिलीवरी बॉय पर काम का बोझ अचानक बढ़ गया है। एक दिन में अधिक सिलेंडर पहुंचाने के बावजूद समय पर डिलिवरी नहीं हो पा रही, जिससे उपभोक्ताओं में असंतोष बढ़ रहा है। कई जगहों पर देरी को ही कमी समझ लिया जा रहा है और इससे घबराहट और फैल रही है।

## परशुराम स्मृति स्थल की घोषणा से ब्राह्मण समाज में खुशी की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- प्रदेश में पहली बार ब्राह्मण समाज को मिली बड़ी सौगात

हरियाणा विधानसभा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा भगवान परशुराम स्मृति स्थल एवं पार्क की घोषणा के बाद ब्राह्मण समाज में हर्षोल्लास का माहौल है। इस अवसर पर समाज के लोगों ने एकत्रित होकर लड्डू वितरित किए और एक-दूसरे को बधाई दी। एडवोकेट सतीश कौशिक, चेयरमैन बाल कल्याण समिति ने इसे ऐतिहासिक निर्णय बताते हुए कहा कि हरियाणा में पहली बार ब्राह्मण समाज को इतनी बड़ी सौगात मिली है। उन्होंने बताया कि कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविन्द शर्मा ने विधानसभा में इस मांग को प्रमुखता से उठाया, जिसे मुख्यमंत्री ने तुरंत स्वीकार कर लिया। घोषणा के अनुसार, रोहतक के पहरावर गांव के पास सेक्टर-26 में हरियाणा शहरी प्राधिकरण की लगभग 4 एकड़ भूमि पर "भगवान परशुराम स्मृति स्थल एवं पार्क" का निर्माण किया जाएगा। यह स्थल समाज की आस्था और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बनेगा। समाज के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और डॉ. अरविन्द शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जल्द ही उनके सम्मान में अभिनंदन समारोह आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## 23 को नरवाना में होगा इनेलो का युवा सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

- भराण गांव में युवाओं से शामिल होने का किया आह्वान

इंडियन नेशनल लोकदल हलका महम से युवा नेता एडवोकेट विपिन बल्हारा ने कहा कि 23 मार्च को शहीदी दिवस पर नरवाना में होने वाला युवा सम्मेलन अब तक का सबसे बड़ा सम्मेलन होगा। विपिन बल्हारा ने कहा कि इस सम्मेलन में जहां महम से सैकड़ों युवा भाग लेंगे वहीं पूरे हरियाणा प्रदेश से हजारों की तादाद में युवा बढ़चढकर शामिल होंगे। विपिन बल्हारा ने गांव भराण में युवाओं की एक मीटिंग ली। सम्मेलन में युवाओं को नरवाना सम्मेलन में शामिल होने का आह्वान किया। बल्हारा ने कहा कि आज इस प्रदेश में जिस प्रकार से युवाओं के साथ भेदभाव और उनकी अनदेखी की जा रही है वो पहले कभी नहीं हुई। उन्होंने कहा कि आज युवा रोजगार के लिए भटक रहा है, बेरोजगारी बढ़ती ही जा रही है। बीजेपी सरकार ने इस प्रदेश के युवाओं के साथ जो धोखा किया है वैसा कभी किसी ने नहीं किया।

## छात्रों को सिखाएं सॉफ्ट स्किल्स और आत्म-जागरूकता के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- संचार कौशल व समस्या समाधान पर किया जागरूक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज एंड रिसर्च (इमसार) के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ तथा केंद्रीय करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वावधान में स्किल्स एवं इमोशनल इंटेलिजेंस विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला का उद्घाटन इमसार निदेशक प्रो. प्रदीप अहलावत ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में केवल शैक्षणिक ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि सॉफ्ट स्किल्स और भावनात्मक बुद्धिमत्ता भी सफलता की कुंजी हैं। सीसीपीसी निदेशक प्रो. दिव्या मल्हान ने प्रतिभागियों को कार्यशाला के उद्देश्य एवं महत्व से अवगत कराया। कार्यशाला का संचालन अनुभवी मनोवैज्ञानिक एवं कॉरपोरेट ट्रेनर मनीषा शर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने सत्र में संचार कौशल, समस्या समाधान क्षमता तथा भावनात्मक बुद्धिमत्ता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की और व्यावहारिक ज्ञान दिया। उन्होंने विशेष रूप से आत्म-जागरूकता, भावनाओं के प्रबंधन और बेहतर पारस्परिक संबंधों के निर्माण पर जोर दिया गया।

## सुपवा में टीचिंग स्टाफ की पदोन्नति का रास्ता साफ

- ईसी की बैठक में करियर उन्नयन योजना (सीएएस) के तहत पदोन्नति देने पर लगी मुहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) में कार्यरत टीचिंग स्टाफ को पदोन्नति मिलने का रास्ता साफ हो गया है। यूनिवर्सिटी बनने के बाद 12 साल में यह पहला मौका होगा, जब यहां के टीचिंग स्टाफ को पदोन्नति मिलने की शुरुआत होगी।

इस फैसले पर गुरुवार को एग्जीक्यूटिव काउंसिल (ईसी) की बैठक में मुहर लग गई। प्लानिंग एवं आर्किटेक्चर डिपार्टमेंट के कॉन्फ्रेंस रूम में हुई ईसी की बैठक की अध्यक्षता कुलगुरु डॉ अमित आर्य ने की। इसमें रजिस्ट्रार डॉ गुंजन मलिक मनोचा, पूर्व वीसी प्रो राजबीर सिंह, डीन अकेडमिक अफेयर्स डॉ अजय कौशिक, चीफ अकाउंट्स ऑफिसर विकास गुलिया उपस्थित रहे, जबकि एसीएस फाइनेंस के प्रतिनिधि सुमेर यादव, एसीएस तकनीकी शिक्षा के प्रतिनिधि वाईपीएस बेरवाल, डीजी तकनीकी शिक्षा के प्रतिनिधि हरदेश कटारिया, वरिष्ठ पत्रकार केजी सुरेश, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से डॉ राजीव श्रीवास्तव, रमेश सिप्पी अकेडमी मुंबई से किरण जुनेजा सिप्पी बतौर ईसी सदस्य ऑनलाइन मौजूद रहे। कुलगुरु डॉ अमित आर्य ने बताया कि यूजीसी की करियर उन्नयन योजना (सीएएस) के तहत सुपवा में मौजूद टीचिंग स्टाफ को पदोन्नति देने की ईसी ने मंजूरी प्रदान की है। सीएएस के माध्यम से टीचिंग स्टाफ पदोन्नति के जरिए अपने करियर को आगे बढ़ा सकेगा।

### शिक्षकों को मेहनत अनुरूप मिले पदोन्नति

यह योजना शिक्षकों के प्रदर्शन और शिक्षा में उनके योगदान को देखते हुए डिजाइन की गई है। डॉ आर्य ने बताया कि इसके तहत टीचिंग स्टाफ को विशिष्ट योग्यता मानदंडों को पूरा करना जरूरी है, जिसमें सेवा के वर्ष और शैक्षिक योग्यताएं शामिल हैं। मूल्यांकन प्रक्रिया में वार्षिक स्व-मूल्यांकन, पदोन्नति के लिए आवेदन, और स्क्रीनिंग सह मूल्यांकन समिति द्वारा अनुमोदन शामिल रहता है। पदोन्नति मानदंड में व्यवस्था है कि अगर किसी शिक्षक को पिछले चार वर्षों में से कम से कम तीन वर्षों में संतोषजनक या अच्छा ग्रेड प्राप्त होता है और समिति पदोन्नति की सिफारिश करती है, तो उन्हें पदोन्नत किया जाता है। आवेदन मिलने के बाद पदोन्नति के लिए चयन प्रक्रिया अपनाई जाती है, जिसका संचालन एक समिति द्वारा किया जाता है जिसमें कुलपति, संबंधित संकाय के डीन, विभागाध्यक्ष और विषय विशेषज्ञ शामिल होते हैं। डॉ आर्य ने कहा कि सीएएस का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि शिक्षकों को उनकी कड़ी मेहनत और अपने पेशे के प्रति समर्पण के लिए मान्यता व पदोन्नति मिले। यह करियर प्रगति के लिए एक स्पष्ट मार्ग प्रदान करता है और शिक्षकों को उनकी भूमिकाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता है।




### सीएमबीटी में एडवांसेज इन ओमिक्स टेक्नोलॉजी पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के सेंटर फॉर मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी द्वारा एडवांसेज इन ओमिक्स टेक्नोलॉजी विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं संकाय सदस्यों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम ने बायोटेक्नोलॉजी के उभरते क्षेत्रों में नवीनतम शोध एवं तकनीकों पर सार्थक चर्चा का मंच प्रदान किया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अमन कुमार, वरिष्ठ वैज्ञानिक, लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, हिसार ने रियल-टाइम पीसीआर पर अत्यंत ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने इस तकनीक के मूल सिद्धांत, विविध अनुप्रयोगों तथा आधुनिक आणविक निदान एवं अनुसंधान में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को प्रभावी ढंग से समझाया। साथ ही, उन्होंने इस क्षेत्र में हो रहे नवीनतम विकास और व्यावहारिक चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता डॉ. राजेश कुमार ने एलसीएमएस एवं एनएमआर तकनीकों पर विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने मेटाबोलोमिक्स और संरचनात्मक विश्लेषण में इन उन्नत तकनीकों की भूमिका को स्पष्ट करते हुए प्रतिभागियों को आधुनिक ओमिक्स अनुसंधान की गहराइयों से अवगत कराया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सीएमबीटी निदेशक डॉ. हरि मोहन ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक आयोजन विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के ज्ञानवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर विभाग के प्राध्यापक, शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## कुलपति ने की चौथे विवि रिसर्च कॉन्क्लेव की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- युवा संकाय अनुसंधान पत्र प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित



कुलपति डॉ .एच के अग्रवाल

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एचके अग्रवाल ने चतुर्थ यूनिवर्सिटी रिसर्च कॉन्क्लेव की तैयारी की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में संस्थान के अधिकारियों के साथ कॉन्क्लेव के आयोजन के लिए विभिन्न समितियों और उप-समितियों के अध्यक्षों ने भाग लिया। कॉन्क्लेव को सफलतापूर्वक आयोजित करवाने की जिम्मेदारी रिसर्च सेल की प्रभारी डॉ पुष्पा दहिया व डॉ सुखबीर सिंह को दी गई है। डॉ अग्रवाल ने बताया कि 17 अप्रैल को आयोजित होने वाली इस कॉन्क्लेव की सभी जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी डाली जाए। डॉ अग्रवाल ने कहा कि चतुर्थ यूनिवर्सिटी रिसर्च कॉन्क्लेव विश्वविद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन होगा और इसमें स्नातक, स्नातकोत्तर छात्रों, डीएनबी निवासियों और युवा संकाय (40 वर्ष तक) को अपने अनुसंधान पत्र प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि कॉन्क्लेव का उद्देश्य शोध और नवाचार को बढ़ावा देना है और विश्वविद्यालय इस दिशा में लगातार काम कर रहा है।

### बार एसोसिएशन में जज विकास ने सुनीं समस्याएं

- रोहतक कोर्ट का निरीक्षण करने पहुंचे न्यायाधीश

**रोहतक।** जिला बार एसोसिएशन के चौधरी रणबीर सिंह मेमोरियल हाल में वीरवार को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के न्यायाधीश एवं इंस्पेक्टिंग जज विकास सूरी निरीक्षण करने पहुंचे। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय तेवतिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कोर्ट का निरीक्षण कर सम्बंधित न्यायाधीशों से बातचीत की। कार्यक्रम के दौरान जिला बार एसोसिएशन के प्रधान दीपक हुड्डा एवं महासचिव राजकरण पंघाल ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। न्यायाधीश के जिला बार एसोसिएशन में पहुंचने पर प्रधान दीपक हुड्डा ने बार एसोसिएशन की लंबे समय से लंबित प्रमुख मांगों नए चेंबर ब्लॉक का रेगुलराइजेशन, डीसी आवास परिसर में पार्किंग व्यवस्था तथा युवा अधिवक्ताओं के लिए चेंबर की सुविधा को प्रमुखता से उठाया।



## नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने दाखिले की प्रक्रिया का किया प्रसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पिलाना के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सुप्रसिद्ध फिनोलेक्स कंपनी द्वारा विद्यार्थियों और ग्रामीणों को हाइजीन किट वितरित की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, सरपंच, ब्लॉक समिति सदस्य और कंपनी के उच्चाधिकारी भी मौजूद रहे। स्कूल के विद्यार्थियों ने एक प्रभावशाली नाटक प्रस्तुत किया, जिसके माध्यम से सरकारी स्कूलों में मिल रही आधुनिक सुविधाओं और दाखिले की प्रक्रिया का प्रचार-प्रसार किया गया। विद्यार्थियों की इस प्रस्तुति ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। ग्रामीणों ने सहयोग का आश्वासन दिया।

**समस्या** सड़क और फुटपाथ के बीच अव्यवस्थित तरीके से की जा रही खड़ी

## बाजार में रेहड़ी-पटरी का जाल उगाही के आरोपों से बढ़ी परेशानी

बाजार से गुजरना आम लोगों के लिए हो रहा मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

वर्षों से चल रहे बाजार में रेहड़ी-पटरी लगाने को लेकर अब स्थिति गंभीर होती जा रही है। स्थानीय दुकानदारों का आरोप है कि पहले दुकानों के आगे रेहड़ी लगवाने के बदले कुछ दुकानदार ही पैसे लेते थे, लेकिन प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए वहां से रेहड़ियां हटवा दीं। इसके बाद इन रेहड़ी वालों को सड़क और फुटपाथ के बीच व्यवस्थित करने की बजाय अव्यवस्थित रूप से खड़ा कर दिया गया, जिससे समस्या और बढ़ गई है।

मौजूदा हालात यह हैं कि बाजार में एक तरफ से दूसरी तरफ जाने का रास्ता तक नहीं बचा है। फुटपाथ पर कब्जा होने के साथ-साथ सड़क किनारे भी फल और अन्य सामान




की गाड़ियां खड़ी कर दी गई हैं। कई मामलों में एक ही व्यक्ति की कई रेहड़ियां संचालित हो रही हैं, जिन पर मजदूर रखकर काम कराया जा रहा है।

### ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित

दुकानदारों का कहना है कि इस अव्यवस्था के कारण ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित हो रही है, जिससे उनके व्यापार पर सीधा असर पड़ रहा है। बाजार से गुजरना आम लोगों के लिए मुश्किल हो गया है, वहीं स्कूल बसों और इमरजेंसी वाहनों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दुकानदारों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि बाजार में लगने वाली सैकड़ों रेहड़ियों से प्रशासन द्वारा उगाही की जा रही है। हालांकि, इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर इन रेहड़ियों से वसूली कौन कर रहा है और किस आधार पर की जा रही है। स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए, ताकि बाजार में सुचारू आवागमन बहाल हो सके और व्यापार प्रभावित न हो।

## प्रशासन चुनाव में व्यस्त, श्मशान घाट में फोन की रोशनी में हो रहे अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

- लाइट व्यवस्था पर लाखों खर्च, आमजन परेशान

एक ओर जहां प्रशासन चुनावी तैयारियों में व्यस्त है, वहीं दूसरी ओर सांपला का श्मशान घाट मूलभूत सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा है। हालात इतने खराब हैं कि यहां अंतिम संस्कार तक मोबाइल की रोशनी में करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, श्मशान घाट में लगी लाइटें लंबे समय से खराब पड़ी हैं और उन्हें ठीक करवाने के लिए संबंधित विभाग या ठेकेदार का कोई अता-पता नहीं है। शाम के समय जब अंतिम



संस्कार किया जाता है, तो अंधेरे के कारण परिजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि शाम करीब पांच बजे दाह संस्कार शुरू किया जाए, तो शरीर को पूरी तरह जलने में करीब पांच घंटे लग जाते हैं, ऐसे में पूरा कार्य अंधेरे में ही पूरा करना पड़ता है। ग्रामीणों में इस स्थिति को लेकर रोष है। उनका कहना है कि सांपला में लाइट व्यवस्था पर लाखों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद श्मशान घाट जैसी महत्वपूर्ण जगह पर अंधेरा पसरा हुआ है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस गंभीर समस्या का जल्द समाधान किया जाए, ताकि अंतिम संस्कार जैसी संवेदनशील प्रक्रिया सम्मानजनक तरीके से हो सके। वहीं, इस मामले में अधिकारियों का कहना है कि लाइटों की गारंटी और वारंटी की जांच की जा रही है। जेई ने बताया कि तकनीकी प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही मरम्मत करवाई जाएगी, जबकि सचिव पंकज जून ने चुनावी व्यस्तता का हवाला देते हुए आश्वासन दिया कि जल्द ही श्मशान घाट की लाइट व्यवस्था दुरुस्त कर दी जाएगी।



रोहतक। संकट मोचन मंदिर में पूजा करते भक्त।

### संकट मोचन मंदिर में कलश स्थापना व अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित

# भक्ति के साथ नवरात्र का शुभारंभ मंदिरों में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

## भव्य सजावट, रोशनी और सत्संग-प्रसाद से पूरा वातावरण बना भक्तिमय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

चैत्र नवरात्र का पावन पर्व वीरवार को शहरभर में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ आरंभ हुआ। माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में ब्रह्मलीन गुरुमां गायत्री के सानिध्य में नवरात्र महोत्सव की शुरुआत धूमधाम से की गई। गद्दीनशीन साध्वी मानेश्वरी देवी के नेतृत्व में भक्तों ने मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की विधिवत पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर साध्वी मानेश्वरी देवी ने विधि-विधान और मंत्रोच्चारण के साथ प्रातः शुभ मुहूर्त में कलश स्थापना एवं खेतरी बोई। इसके साथ ही अखंड ज्योत प्रज्वलित की गई, जो पूरे नौ दिनों तक निरंतर जलती रहेगी। मंदिर परिसर में 19 मार्च से 27 मार्च तक अखंड पाठ का आयोजन किया जाएगा। प्रतिदिन सायं 4 से 6 बजे तक दुर्गा स्तुति पाठ और साध्वी जी के प्रवचन होंगे। मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। भक्तों ने नारियल की भेंट चढ़ाई, लाल चुनरियां ओढ़ाईं और जल, गंगाजल, फूल-मालाएं, फल-फ्रूट, चंदन व पान-सुपारी अर्पित कर मां से मंगलकामनाएं मांगी। पूरा मंदिर परिसर जय माता दी और जय मां जगदंबे के जयकारों से गूंज उठा। भजन-कीर्तन के बीच श्रद्धालु भक्ति के रस में डूबकर नाचते-गाते नजर आए।


रोहतक। गुफा वाले मंदिर में पूजा करते पुजारी

### साध्वी मानेश्वरी देवी ने दी शुभकामनाएं

शहर के अन्य प्रमुख मंदिरों में भी नवरात्र का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। दुर्गा भवन मंदिर, मॉडल टाउन स्थित गुफा वाला मंदिर, गौकर्ण डेरा और बाबा करनपुरी डेरा सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। इन मंदिरों में भी कलश स्थापना, पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन के साथ नवरात्र महोत्सव की शुरुआत हुई। नवरात्र के शुभ अवसर पर साध्वी मानेश्वरी देवी ने भक्तों को हिंदू नववर्ष नव संवत्सर 2083 की शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने बताया कि धार्मिक मान्यता के अनुसार इसी दिन ब्रह्माजी ने सृष्टि की रचना आरंभ की थी, इसलिए इस दिन का विशेष महत्व है।

### देवताओं की सुसज्जित प्रतिमाएं रही आकर्षण का केंद्र

संकट मोचन मंदिर को रंग-बिरंगी लाइटों और आकर्षक सजावट से भव्य रूप दिया गया है। देवी-देवताओं की प्रतिमाएं भी विशेष रूप से सुसज्जित की गई हैं, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। अखंड ज्योत के दर्शन के लिए समय प्रातः 5 बजे से 12 बजे तक और सायं 5 बजे से 8 बजे तक निर्धारित किया गया है। इसके पश्चात सत्संग, आरती और प्रसाद वितरण का आयोजन किया जा रहा है।

## बोहर गांव में आर्यों ने मनाया नव वर्ष




रोहतक। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रमी संवत् 2083 को आर्य समाज बोहर द्वारा गांव की भूराणों वाली चौपाल में नव वर्ष धूमधाम से मनाया गया। यज्ञ ब्रह्मा आर्य विशाल नांदल रहे। मंच संचालन मनजीत आर्य ने किया। आर्य समाज के अनेक सन्यासी साधुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आचार्य विजय पाल ने की। स्वामी ब्रह्मानंद आदि ने भी अपने विचार रखें। विद्वानों ने चित्र शुक्ल प्रतिपदा का ऐतिहासिक महत्व रखते हुए कहा कि इसी दिन आज से तथा सृष्टि संवत 1,96,08,53,127 वर्ष पुर्व सूर्योदय के साथ ईश्वर ने सृष्टि की रचना प्रारंभ की। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का राज्याभिषेक भी इसी दिन हुआ था। महाराज युधिष्ठिर का राज्याभिषेक इसी दिन हुआ। सम्राट विक्रमादित्य ने इसी दिन राज्य स्थापित किया। इन्हीं के नाम पर विक्रमी संवत का पहला दिन प्रारंभ होता है। 152 वर्ष पूर्व महर्षि दयानंद सरस्वती ने इसी दिन को आर्य समाज की स्थापना दिवस के रूप में चुना। आचार्य विजय पाल ने आर्य जनों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें वैदिक नव वर्ष पर ही हम सबको परस्पर एक दुसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं देंनी चाहिएं। इस मांगलिक अवसर पर अपने-अपने घरों पर भगवा पताका फेहराएं। इस अवसर पर आर्य समाज बोहर के प्रधान धनीराम आर्य, मास्टर भूप, दयानंद नांदल, दीपक नांदल, जगमेंदर नांदल, बबीता नांदल, पूजा आर्या, सावित्री आर्या, शीला आर्य, सोनिया आर्या आदि उपस्थित रहे।

### आर्य स्कूल मदीना में करवाया यज्ञ



महम। आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयए मदीना में वीरवारर को नव संवत्सर 2083 के अवसर पर वैदिक यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः काल मंगलाचरण एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआए जिससे पूरे विद्यालय परिसर में आध्यात्मिक वातावरण का संचार हुआ। यह यज्ञ आचार्य करतार शास्त्री के निर्देशन में पूर्ण विधि विधान के अनुसार संपन्न कराया गया। उन्होंने यज्ञ के दौरान उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को प्रत्येक आहुति का महत्व समझाते हुए बताया कि यज्ञ न केवल धार्मिक अनुष्ठान है, बल्कि यह पर्यावरण शुद्धिए सकारात्मक ऊर्जा और मानसिक शांति का भी महत्वपूर्ण माध्यम है। यज्ञ का मुख्य उद्देश्य विश्व शांतिए मानव कल्याण एवं समस्त जीव.जंतुओं के सुख.समृद्धि की कामना करना रहा। यज्ञ की पूर्णाहुति के पश्चात समस्त उपस्थित जनों ने विश्व कल्याणए पर्यावरण संरक्षण एवं समाज में भाईचारे की भावना के प्रसार हेतु सामूहिक प्रार्थना की।

### 15 से 20 प्रतिशत तक बढ़े दाम व्यापारी बोले - नुकसान हो रहा

## नवरात्र और बारिश की वजह से फलों के दाम बढ़े


रोहतक। शहर में लगी फलों की रेहड़ियां।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नवरात्र शुरू होने और बारिश के आने से बाजार में फलों के दाम बढ़ गए हैं। कई प्रमुख फलों की कीमतों में 15 से 20 प्रतिशत तक की वृद्धि देखने को मिल रही है। जबकि सब्जियों के दाम पिटते जा रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि इन दिनों में लोग ज्यादा फलों का प्रयोग करते हैं। डिमांड की वजह से रेट बढ़ते हैं। जबकि ज्यादातर सब्जियों के दाम दस से बीस रुपये के बीच में सिमट कर रह गए हैं। व्यापारियों ने बताया कि गर्मी में रसीले और मौसमी फलों की मांग तेज हो जाती है। आम और सेब के रेट बहुत ज्यादा तेज है। सीमित आपूर्ति के कारण इसके दाम ऊंचे बने हुए हैं। उनका का कहना है कि जैसे-जैसे आवक बढ़ेगी, कीमतों में कुछ कमी आ सकती है।

फलों के रेट

| फल | थोक | रिटेल |
|---|---|---|
| पपीता | 40-45 | 60-80 |
| सेब | 150-190 | 200-250 |
| अंगूर | 120 | 180-200 |
| केला | 55 | 80 |
| चीकू | 40 | 120-140 |
| किन्नू | 45 | 60-75 |
| संतरा | 70-80 | 140-150 |

सब्जियों के दाम

| सब्जी | थोक | रिटेल |
|---|---|---|
| आलू | 5-8 | 10-12 |
| प्याज | 15-20 | 20-30 |
| गोभीफूल | 6-10 | 15-20 |
| गोभीबंद | 6-8 | 15-20 |
| टमाटर | 5-7 | 20-30 |
| खीरा,पोली | 28-30 | 50-60 |
| खीरा | 18-20 | 20-30 |
| घीया | 20-22 | 40-50 |
| बैंगन | 22-24 | 35-40 |
| शिमलामिर्च | 40-42 | 50-55 |
| गाजर | 10-12 | 20-30 |
| मटर | 15 | 30 |

### सामान खराब होने का खतरा

नवरात्रों के समय फलों की डिमांड बढ़ जाती है। इसलिए रेट बढ़ सकते हैं। हालांकि बारिश की वजह से व्यापारियों को नुकसान हो रहा है। ग्राहक कम आएंगे और सामान खराब होने का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा फल लाने वाले वाहनों को आने में भी समय लग जाता है। -साहिल मग्गू, वरिष्ठ उपप्रधान, नई फल एवं सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन

## एचबीएसई 12वीं कक्षा की गृह विज्ञान विषय की 1450 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

रोहतक। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा वीरवार को 12वीं कक्षा की गृह विज्ञान विषय की बोर्ड परीक्षा आयोजित की गई। जिला प्रशासन द्वारा किए गए पुख्ता प्रबंधों के बीच शांतिपूर्वक व पारदर्शी तरीके से परीक्षा संपन्न हुई। 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में 1490 विद्यार्थियों में 1450 विद्यार्थी उपस्थित रहे, जबकि 40 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा में पांच नकलची पकड़े गए। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा बोर्ड परीक्षाओं को सुचारू ढंग व नकल रहित संपन्न करवाने के दृष्टिगत उडऩदस्ते गठित किये गए है तथा डयूटी मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किये गए है। पुलिस द्वारा भी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किये गए है। जिला में इन बोर्ड परीक्षाओं के 45 परीक्षा केंद्र स्थापित है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आगामी एक अप्रैल तक 12वीं कक्षा की परीक्षाएं आयोजित करवाई जा रही है। इसी तरह 20 मार्च तक 10वीं कक्षा तथा डीएलएड की परीक्षाएं आयोजित करवाई जा रही है।

### सूचना

मैं, संजय कुमार पुत्र श्री रामचन्द्र निवासी सीसर खास, तहसील महम, जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र कपिल मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## देवी सिंह ने वेटरन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीते दो पदक



रोहतक। कृष्णा कालोनी 59 वर्षीय धावक और फर्नीचर व्यापारी देवी सिंह सैनी ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए एक और मुकाम हासिल किया। उन्होंने हाल ही में पंजाब के भटिंडा जिले के गुरु काशी यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, तलवंडी साबों में आयोजित 45वीं नेशनल वेटरन एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में दो पदक जीत कर रोहतक और हरियाणा का नाम रोशन किया है। अपने 55 से ज्यादा आयु वर्ग में सैनी ने 4×400 मीटर रिले में स्वर्ण पदक और 4×100 मीटर रिले में रजत पदक हासिल किया। उनके साथ चमारिया गांव के रामकरण हुड्डा ने भी 4×100 मीटर रिले में रजत पदक प्राप्त किया। इन उपलब्धियों के साथ, सैनी के अब तक राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुल 58 पदक हो गए हैं, जिनमें 26 स्वर्ण, 17 रजत और 15 कांस्य पदक शामिल हैं। रोहतक लौटने पर उन्हें स्वामी इंद्रवेश विद्यापीठ, गांव टिटौली में सर्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान स्वामी आर्यवेश द्वारा उनके असाधारण खेल प्रदर्शन और अथक मेहनत के लिए सम्मानित किया गया।

## नन्हें विद्यार्थियों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

### आईबी स्कूल जूनियर विंग में इंडो-किड कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आईबी स्कूल जूनियर विंग में इंडो-किड कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंतर्गइस अवसर पर विशेष रूप से यूके से आए टिम मैकआर्डल, जूड हॉटन, सुनीता हुड्डा तथा मिस नव ज्योति ने निर्णायक की भूमिका निभाई और बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की। कार्यक्रम में आई. बी. स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. मनोज कुमार तथा मुख्याध्यापिका डॉ. प्रीति चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। सोलो डांस प्रतियोगिता में कक्षा 1 की लावण्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि खुशलीन प्रथम उपविजेता तथा वंशिका द्वितीय उपविजेता रही। अनाया और होनिशा को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। कक्षा दूसरी में पावनी विजेता रही, हीरत प्रथम उपविजेता तथा काव्या द्वितीय



उपविजेता रही, जबकि वेदिका और एवान्या को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। कक्षा तीसरी में मन्नत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, कृतिका प्रथम उपविजेता तथा मायरा द्वितीय उपविजेता रही, जबकि गर्वित, अधीरा और प्रांजल को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इंडो-किड प्रतियोगिता में कक्षा 1 से आयांश को मास्टर इंडो-किड तथा वेदांशी को मिस इंडो-किड चुना गया। कक्षा 2 से ओजस को मास्टर इंडो-किड तथा यशस्वी को मिस इंडो-किड घोषित किया गया। कक्षा 3 से गोरांश को मास्टर इंडो-किड तथा आर्या को मिस इंडो-किड का खिताब मिला।

## एसजेके कॉलेज में हमैप फिलिंग प्रतियोगिता में छाए बच्चें

कलानौर। सत जीन्दा कल्याणा कॉलेज में वीरवार को भूगोल विभाग द्वारा मैप फिलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत विद्यार्थियों को विश्व एवं



भारत के मानचित्रों में विभिन्न स्थानों को चिन्हित करने का कार्य दिया गया, जिसमें उन्होंने अपनी भौगोलिक जानकारी एवं कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार दुआ ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि करती हैं तथा उन्हें अपने विषय के प्रति रुचि जागरूक करती हैं। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में डॉ. रीतू शर्मा, डॉ. संगीता एवं कुमारी स्वाति शामिल रहीं, जिन्होंने विद्यार्थियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का चयन कर उन्हें पुरस्कृत किया गया। यह कार्यक्रम विभाग की प्राध्यापिका उर्मिला दलाल एवं डॉ. सुमन के दिशा-निर्देशन में संपन्न हुआ। डॉ. सुमन ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के भौगोलिक ज्ञान को बढ़ाना तथा उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास करना था।

## कौशल विकास के बिना सफलता अधूरीः कृष्णकांत



रोहतक। आज के प्रतिस्पर्धी युग में केवल डिग्री पर्याप्त नहीं है, बल्कि कौशल विकास ही सफलता की असली कुंजी है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे निरंतर अपने कौशल को निखारें और बदलती औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को तैयार करें। यह बात महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के रजिस्ट्रार डॉ. कृष्णकांत ने शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित सात दिवसीय कौशल विकास कार्यशाला के समापन अवसर पर कही। समापन सत्र में मुख्यथिति रजिस्ट्रार डॉ. कृष्णकांत ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में भी सहायक सिद्ध होते हैं।

## महम आईटीआई में शिक्षुता एवं रोजगार मेला 25 को

महम। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महम में 25 मार्च को रोजगार एवं शिक्षुता मेला लगाया जाएगा। आईटीआई के प्राचार्य इंद्र सिंह ने बताया कि रोजगार मेले में स्वराज इंजन लिमिटेड मोहाली, मुशाशी ऑटो पार्ट्स प्राइवेट लिमिटेड रेवाड़ी, सैंडन विकास इंडिया प्राइवेट लिमिटेड बलभगढ़, मिल पॉवर कन्वर्टर टेक्नोलोजिज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड मानेसर आदि कंपनियां पहुंचेंगी। रोजगार मेले में इलेक्ट्रिशियन, वायरमैन, इलेक्ट्रोनिक्स, फिटर, डीजल मैकेनिक्स, ट्रैक्टर मैकेनिक, मशीनिस्ट आदि सभी टेक्निकल पदों पर भर्ती होगी। प्राचार्य इंद्र सिंह ने बताया कि रोजगार मेले में भाग लेने के लिए 4 पासपोर्ट साइज फोटो व बायोडाटा साथ लेकर आना होगा। वेतनमान 17000 से 30000 तक रहेगा। इच्छुक प्रार्थी 25 मार्च को सुबह 9 बजे अपने सभी दस्तावेजों के साथ महम आईटीआई में आकर अपना साक्षात्कार दें सकते हैं।


## ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ताइक्वांडो प्रतियोगिता में सगी बहनों ने जीता सोना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



विश्व रिकार्ड धारी एमडीयू की खिलाड़ी और दो सगी बहने गीता यादव और ऋतु यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ताइक्वांडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। यह प्रतियोगिता फकीर मोहन यूनिवर्सिटी ओडिशा में 16 से 20 मार्च आयोजित की जाएगी। दोनों बहनों ने ताइक्वांडो पूमसे टीम केटेगरी यू 30 में खेलकर स्वर्ण पदक हासिल किया। गीता और ऋतु पिछले चार वर्षों से लगातार ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ताइक्वांडो प्रतियोगिता की चैंपियन रही हैं। दोनों बहने कई बार राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जीत चुकी हैं एवं एक साथ खेलकर विश्व रिकार्ड भी अपने नाम कर चुकी हैं। पिता जितेंद्र दोनों बेटियों को बधाई दी। किशोरी कॉलेज प्राचार्य डॉ. रश्मि लोहचब, कोच अशोक व डॉ. कुसुम ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।

**उपलब्धियां** : दोनों बहनों ने 2022 में स्वीडन में आयोजित यूरोपियन कप में एक टीम में खेलते हुए रजत व कांस्य पदक जीता। 2025 में डब्ल्यूटी प्रेसिडेंट कप में तीनों ने कांस्य पदक जीता। 2025 में ऑस्ट्रेलिया ओपन में कांस्य पदक जीता। 2023 में ऑस्ट्रेलिया ओपन में रजत पदक जीता। 2023 में डब्ल्यूटी प्रेसिडेंट कप में स्वर्ण पदक जीता। मार्च में आयोजित कनाडा ओपन प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता।






## जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल में श्रद्धा व उल्लास के साथ घट स्थापना का आयोजन

रोहतक। नवरात्रि के प्रथम दिन नवरात्रि के शुभ अवसर पर जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल में घट स्थापना का आयोजन बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान हो उठा, जहां विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर इस पावन पर्व का स्वागत किया। पूजन विधि के अनुसार विधिवत कलश स्थापना की गई। इस दौरान विद्यार्थियों को नवरात्रि के महत्व, मां दुर्गा की आराधना और भारतीय संस्कृति के मूल्यों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम ने सभी के मन में सकारात्मकता, आस्था और एकता का भाव जागृत किया। पूजा के उपरांत सभी विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों को प्रसाद वितरित किया गया, जिसे सभी ने श्रद्धा पूर्वक ग्रहण किया। विद्यालय द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम न केवल हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाता है, बल्कि विद्यार्थियों में आध्यात्मिकता और नैतिक मूल्यों को भी सुदृढ़ करता है। कार्यक्रम का समापन सभी के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना के साथ किया गया।

कार्यक्रम | बीएमयू में विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह किया आयोजित

# विद्यार्थियों को सफलता के दिए मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के फिजियोथेरेपी विभाग द्वारा अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के शैक्षणिक सफर को यादगार बनाना और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देना रहा।समारोह की संयोजक डॉ. सुमन रानी रहीं, जबकि सह-संयोजक के रूप में डॉ. मनीला दुहन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजन सचिव डॉ. चारु शर्मा के कुशल संचालन में पूरा कार्यक्रम सुव्यवस्थित एवं गरिमामय ढंग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार तथा डीएसडब्ल्यू डॉ. सुधीर मलिक उपस्थित रहे।

रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि विद्यार्थी जीवन केवल डिग्री प्राप्त करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्तित्व निर्माण का महत्वपूर्ण चरण होता है। उन्होंने छात्रों को ईमानदारी, अनुशासन और निरंतर सीखने की भावना बनाए रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बदलते समय में वही विद्यार्थी सफल होते हैं, जो नई चुनौतियों को स्वीकार करते हुए अपने कौशल को निरंतर विकसित करते रहते हैं।


रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में आयोजित फिजियोथेरेपी विभाग के विदाई समारोह में संकाय सदस्य और सम्मानित छात्र-छात्राएं।

### प्रतियोगिताएं भी हुईं

*डीएसडब्ल्यू डॉ. सुधीर मलिक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में लक्ष्य स्पष्ट होना चाहिए और उसे प्राप्त करने के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति आवश्यक है। उन्होंने छात्रों को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने, समाज के प्रति जिम्मेदार बनने और अपने पेशे में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यह भी कहा कि इस अवसर पर विभाग के संकाय सदस्यों डॉ. सोनिया, डॉ. ललित, डॉ. प्रीति, डॉ. ज्योति, डॉ. राम मेहर, डॉ. सपना, डॉ. वैशाली, डॉ. साक्षी और डॉ. पिंकी ने भी विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा किए।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न आकर्षक प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया।*

## खबर संक्षेप

### 48 बोतल शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** जिला पुलिस की टीम ने गाडी सवार युवक को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया गया है। युवक से कुल 48 बोतल शराब बरामद हुई है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग अंकित कर गिरफ्तार किया गया। प्रभारी थाना बहुअकबरपुर निरीक्षक महेश कुमार ने बताया कि एएसआई कर्मबीर के नेतृत्व में पुलिस टीम रोहतक हिसार रोड पर गश्त में मौजूद थी। सूचना के आधार पर तुरन्त नाका बन्दी करते हुए एनएच-10 ढाबा के सामने नाकाबन्दी कर वाहनों की चेकिंग शुरु की। शहर की तरफ से आ रहे गाड़ी सवार युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान धर्मेन्द्र निवासी घडवाल सोनीपत के रूप मे हुई।

### विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ किया जागरूक

**रोहतक।** नशा मुक्ति टीम ने कलानौर में स्थित आईटीआई में विद्यार्थियों को ड्रग्स का सेवन न करने के बारे व उससे होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया गया। नशा मुक्ति टीम के सदस्य अमरसिंह ने कहा कि ड्रग्स ऐसा पदार्थ है जो इंसान के मानसिक व शारीरिक स्थिति को बदल देते है। युवा नशे के लिए नशीली दवाइया, ड्रग्स व नशीले पदार्थो का सेवन करते है। जिसकी लत युवाओ में तेजी से पड़ रही है। नशा व्यक्ति को अंदर से खोखला बना देता है। हर व्यक्ति को ड्रग्स, नशीली दवाएं, गांजा, हेरोइन, स्मैक, चरस व अन्य प्रकार के नशे से दूर रहना चहिए।

### रक्तदान शिविर में 23 यूनिट रक्त एकत्रित

**रोहतक।** डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार के अवतरण दिवस के अवसर पर डॉ. हेडगेवार स्मारक सोसायटी द्वारा बीएलके -मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नई दिल्ली के सहयोग से माधव कुंज, हुडा कॉम्पलेक्स में विशाल स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान अनुभवी चिकित्सकों ने आमजन की निशुल्क स्वास्थ्य जांच की, जिसमें फिजिशियन परामर्श, आयुर्वेद, फिजियोथेरेपी, बीएमडी (हड्डी जांच), बीपी और शुगर टेस्ट शामिल रहे। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और 23 यूनिट रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की।

---

स्वच्छता पर सख्ती

# निगम की टीम ने काटे 9 चालान, 15,500 रुपये का जुर्माना

***कूड़ा जलाने, सिंगल यूज प्लास्टिक और गंदगी फैलाने वालों पर कार्रवाई, वार्डों में चला विशेष सफाई अभियान***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नगर निगम की सफाई शाखा लगातार सक्रिय नजर आ रही है। निगम की टीम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण किया जा रहा है और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ मौके पर ही सख्त कार्रवाई की जा रही है।

वीरवार शहर के अलग-अलग स्थानों पर अभियान चलाते हुए कुल 9 चालान किए गए, जिनसे 15,500 रुपये का जुर्माना वसूला गया। कार्रवाई के दौरान कूड़े में आग लगाने वाले एक व्यक्ति का 5,000 रुपये का चालान किया गया। वहीं सिंगल यूज प्लास्टिक बेचने वालों के खिलाफ भी सख्ती दिखाते हुए 2 चालान किए गए, जिन पर कुल 6,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

इसके अलावा सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वाले 6 लोगों के 4,500 रुपये के चालान किए गए। निगम अधिकारियों का कहना है कि कूड़ा जलाना और खुले में फेंकना न केवल स्वच्छता नियमों का उल्लंघन है, बल्कि इससे पर्यावरण और लोगों के स्वास्थ्य पर भी गंभीर असर पड़ता है। नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से विशेष सफाई अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं। आज वार्ड नंबर 9, 10 और 18 सहित कई क्षेत्रों में सफाई अभियान और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। वार्ड नंबर 9 के आजादगढ़, विशाल नगर, जसबीर कॉलोनी और कबीर कॉलोनी में व्यापक स्तर पर सफाई करवाई गई।





### डोर टू डोर जागरूकता अभियान भी चलाया

निगम की ओर से डोर-टू-डोर जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 750 से अधिक घरों तक पहुंचकर लोगों को गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने और सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए प्रेरित किया गया। आयुक्त ने शहरवासियों से अपील की है कि वे कूड़ा इधर-उधर न फैलाएं और स्वच्छता बनाए रखने में निगम का सहयोग करें, ताकि शहर को साफ और स्वस्थ बनाया जा सके।

### रेहड़ी संचालकों को भी स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

निगम की टीम ने दुकानदारों और रेहड़ी संचालकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। उन्हें बताया गया कि स्वच्छता केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। लोगों से अपील की गई कि वे गंदगी फैलाने वालों की फोटो या वीडियो बनाकर निगम को सूचित करें, ताकि उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके। वार्ड नंबर 18 में भी विशेष सफाई अभियान चलाया गया, जहां टीमों ने गहन सफाई करते हुए कूड़े के ढेरों को हटाया। इस अभियान में स्थानीय नागरिकों और वार्ड सदस्यों का भी सहयोग लिया गया। वहीं वार्ड नंबर 9 और 10 में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कार्यकारी अभियंता योगराज छिकारा द्वारा किया गया। उन्होंने कर्मचारियों की उपस्थिति जांची और मौके पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

---

## अंगूठा लगवाने के विरोध में किसान-आढ़ती और सरकार आमने-सामने

*मंडी गेट पास पर बायोमेट्रिक नियमों से भड़के किसान और आढ़ती, बोले*

# हम लुटने को तैयार, लेकिन बायोमेट्रिक मंजूर नहीं

***किसान ज्ञापन देने के लिए कार्यालय पहुंचे, ऑफिस में नहीं मिले उपायुक्त***

अमरजीत एस गिल ▶▶ रोहतक

सरकार द्वारा फसल खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से मंडियों में लागू किए जा रहे नए नियमों ने किसानों और आढ़तियों के बीच असंतोष की लहर पैदा कर दी है। इस बार सरकार ने मंडी गेट पास जारी करने के लिए किसानों के बायोमीट्रिक सत्यापन यानी अंगूठे के निशान लेने और फसल लेकर आने वाले वाहनों का रजिस्ट्रेशन नंबर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

सरकार का तर्क है कि इन उपायों से फसल खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी और फर्जीवाड़े पर लगाम लगेगी। लेकिन जमीनी स्तर पर इससे जुड़े पक्ष इन नियमों को अव्यवहारिक और किसानों के लिए परेशानी बढ़ाने वाला मान रहे हैं।




### कई बार नेटवर्क या मशीनों में आ जाती हैं तकनीकी दिक्कतें

किसानों और आढ़तियों का कहना है कि मंडियों में पहले से ही सीजन के दौरान भारी भीड़ रहती है। ऐसे में हर वाहन और किसान की बायोमीट्रिक जांच करने से प्रक्रिया धीमी हो जाएगी। उनका अंदेशा है कि मंडी गेटों के बाहर फसल से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और अन्य वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लगेंगी, जिससे किसानों को घंटों इंतजार करना पड़ेगा। किसानों का यह भी कहना है कि कई बार नेटवर्क या मशीनों में तकनीकी दिक्कतें आ जाती हैं। ऐसे में बायोमीट्रिक प्रक्रिया और अधिक बाधा बन सकती है। खासकर बुजुर्ग किसानों या मजदूरों के लिए बार-बार अंगूठा लगाना और सत्यापन करवाना मुश्किल भरा हो सकता है।

### प्रशासनिक रवैये पर नाराजगी जताई

बॉयोमीट्रिक गेट पास के मुद्दे पर किसान सभा के प्रदेश महासचिव सुमित दलाल ने प्रशासनिक रवैये पर भी नाराजगी जताई। किसान अपनी मांगों को लेकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपने के लिए डीसी कार्यालय पहुंचे थे, लेकिन दोपहर करीब दो बजे तक भी उपायुक्त कार्यालय नहीं पहुंचे। दलाल ने कहा कि लंबे इंतजार के बावजूद जब कोई अधिकारी ज्ञापन लेने के लिए उपलब्ध नहीं हुआ तो किसान प्रतिनिधिमंडल को बिना ज्ञापन सौंपे ही वापस लौटना पड़ा। उन्होंने कहा कि इससे किसानों में रोष और बढ़ा है, क्योंकि एक तरफ सरकार नई व्यवस्थाएं थोप रही है और दूसरी ओर किसानों की समस्याएं सुनने के लिए प्रशासन गंभीर नजर नहीं आ रहा। किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द विचार नहीं किया गया तो वे आंदोलन तेज करने को मजबूर होंगे।

### तकनीकी उपाय जरूरी

दूसरी ओर, कुछ जानकारों का मानना है कि पारदर्शिता के लिए तकनीकी उपाय जरूरी हैं, लेकिन उन्हें लागू करने से पहले पर्याप्त तैयारी और संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। फिलहाल इस मुद्दे पर सरकार और किसानों के बीच टकराव की स्थिति बनती नजर आ रही है। आने वाले दिनों में यह देखना दिलचस्प होगा कि सरकार अपने फैसले पर कायम रहती है या किसानों की मांगों को ध्यान में रखते हुए इसमें कोई बदलाव करती है।

### मंडियों के बाहर लंबी-लंबी कतारें लगने की संभावना

हरियाणा राज्य अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रदेश संयोजक हर्ष गिरधर ने सरकार द्वारा लागू की गई नई गेट पास प्रणाली पर चिंता जताई है।



उन्होंने कहा कि किसानों को गेट पास जारी करवाने के लिए अब पोर्टल पर ऑनलाइन सत्यापन अनिवार्य किया गया है, जिससे पूरी प्रक्रिया में अधिक समय लग सकता है। उन्होंने बताया कि इस नई व्यवस्था के चलते मंडियों में कार्य बढ़ेगा और मार्केट कमेटियों को अतिरिक्त कर्मचारियों की नियुक्ति करनी पड़ेगी। यदि समय रहते पर्याप्त स्टाफ की व्यवस्था नहीं की गई, तो मंडियों के बाहर लंबी-लंबी कतारें लगने की संभावना है, जिससे अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। गिरधर ने यह भी कहा कि गेट पास जारी करने का समय सुबह 6 बजे से रात 8 बजे तक निर्धारित किया गया है, जबकि किसान अक्सर अलग-अलग समय पर अपनी फसल लेकर मंडी पहुंचते हैं। ऐसे में तय समय सीमा के कारण किसानों को अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ सकती है। उन्होंने सरकार से मांग की कि इस प्रणाली को लागू करने से पहले जमीनी स्तर की व्यवस्थाओं को मजबूत किया जाए, ताकि किसानों और आढ़तियों को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

---




# डीसी ने खरीद तैयारियों का अधिकारियों से अपडेट जाना

***लघु सचिवालय में रबी खरीद सीजन की तैयारियों की समीक्षा***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने सरकारी खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे रबी खरीद सीजन 2026-27 के लिए मंडियों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवायए। सभी उपमंडलाधीश अपने क्षेत्र में स्थित मंडियों का दौरा कर आवश्यक सुविधाएं जांचे और आवश्यकता अनुसार सभी प्रबंध करवायें। ताकि खरीद सीजन के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। गेंहू खरीद का कार्य एक अप्रैल 2026 से शुरू होगा। गुप्ता वीरवार को लघु सचिवालय में रबी खरीद सीजन की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आढ़ती तिरपालों की व्यवस्था रखें। मंडियों व खरीद केंद्रों में पर्याप्त संख्या में बारदाना की उपलब्धता सुनिश्चित करवाए। सरकार के निर्देशानुसार मंडियों व खरीद केंद्रों में केवल इलेक्ट्रॉनिक तोल मशीनें ही प्रयोग की जाएगी। सरकार के निर्देशानुसार मंडी में फसल लेकर पहुंचने वाले किसान का ट्रैक्टर सहित फोटो होगा, जिसे पोर्टल पर अपलोड करने के उपरांत गेट पास जारी होगा तथा बॉयोमेट्रिक भी होगी।

### फसल की नमी की अवश्य जांच करवाएं

मीटिंग में अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने खरीद एजेंसियों तथा आढ़तियों को निर्देश दिए कि वे मंडी में आने वाली फसल की नमी की अवश्य जांच करवाए। सभी आढ़तियों के पास नमी मापक यंत्र उपलब्ध हो। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, सभी उपमंडलाधीश उत्सव आनंद, आशीष कुमार एवं विपिन कुमार, कृषि उपनिदेशक डॉ. सुरेंद्र मलिक, मार्केट कमेटी रोहतक के सचिव दीपक, संदीप हुड्डा, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के कार्यकारी अभियंता विशाल मिश्रा, एफसीआई के जिला प्रबंधक राजीव बिरला, हैफेड के जिला प्रबंधक कृष्ण श्योराण, हरियाणा स्टेट वेयरहाउसिंग कारपोरेशन के जिला प्रबंधक रोहताश दहिया, जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक मनीषा मेहरा, डीआईओ महेश भारद्वाज, सहायक रोजगार अधिकारी मोनिका सिंह, मंडी ऐसासिएशनों के प्रतिनिधियों में हर्ष कुमार सहित खरीद एजेंसियों के अधिकारी व मंडी एसोसिएशनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

---



### पीजीआईएमएस के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग ने किया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**रोहतक।** पीजीआईएमएस के सामुदायिक चिकित्सा विभाग द्वारा एफएपी कार्यक्रम के अंतर्गत एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का नेतृत्व विभागाध्यक्ष डॉ. नीलम कुमार और एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. राजकुमार ने किया। शिविर में 750 परिवारों को गोद लिया गया और 167 मरीजों का परीक्षण एवं उपचार किया गया। शिविर में मेडिसिन, स्त्री एवं प्रसूति रोग, शिशु रोग और दंत चिकित्सा सहित विभिन्न विशेषज्ञताओं की सेवाएं प्रदान की गईं। इसके अतिरिक्त, प्रयोगशाला जांच और औषधि वितरण की सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गईं। शिविर में चिकित्सा अधिकारी डॉ. हिमांशु जांगड़ा और स्थानीय सरपंच अजय देशवाल का सक्रिय सहयोग रहा। सीनियर रेजिडेंट डॉ. प्रिया और सामुदायिक चिकित्सा विभाग के स्नातकोत्तर रेजिडेंट्स ने भी शिविर के संचालन और प्रबंधन में सक्रिय भूमिका निभाई। कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉ वरुण अरोड़ा ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य समुदाय को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना था। स्थानीय समुदाय द्वारा इस पहल की सराहना की गई और सामुदायिक चिकित्सा विभाग, पीजीआईएमएस की जनस्वास्थ्य सेवाओं और निवारक देखभाल के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# अनुबंधित शिक्षकों की सेवा-सुरक्षा को लेकर हुकटा ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा यूनिवर्सिटीज कॉन्ट्रैक्चुअल टीचर्स एसोसिएशन (हुकटा) के प्रतिनिधिमंडल ने उच्च शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा को विश्वविद्यालयों के अनुबंधित शिक्षकों की जॉब सिक्योरिटी से जुड़े 'सेवा-सुरक्षा बिल' को जल्द लागू करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान मंत्री महिपाल ढांडा ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि विभाग द्वारा सभी विश्वविद्यालयों से आवश्यक जानकारी एकत्रित कर ली गई है और संबंधित अधिकारी इस दिशा में कार्य कर रहे हैं, ताकि अनुबंधित शिक्षकों का रोजगार सुरक्षित किया जा सके। हुकटा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विजय मलिक और डॉ. सुमन रंगा ने बताया कि राज्य के सरकारी विश्वविद्यालयों में करीब 1400 अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसर कार्यरत हैं। उन्होंने मांग की कि प्रस्तावित 'सेवा-सुरक्षा बिल' में हरियाणा एक्सटेंशन व गेस्ट लेक्चरर्स संशोधन बिल-2026 के प्रावधान भी शामिल किए जाएं, ताकि विश्वविद्यालयों के शिक्षकों को भी समान लाभ मिल सके। डॉ. विजय मलिक ने कहा कि अनुबंधित शिक्षकों को 60 वर्ष की आयु तक सेवा-सुरक्षा दी जानी चाहिए। वहीं डॉ. नेहा शर्मा और डॉ. अमित मलिक ने कहा कि इस कदम से शिक्षकों में लंबे समय से बना रोजगार असुरक्षा का भय समाप्त होगा।



**रोहतक।** शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा को ज्ञापन सौंपते हुकटा प्रतिनिधिमंडल।



**रोहतक।** पौधरोपण करते एनएसएस के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### पौधरोपण और निःशुल्क स्वास्थ्य जांच के साथ एनएसएस शिविर का चौथा दिन सम्पन्न हुआ

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का चौथा दिन उत्साहपूर्वक विभिन्न सामाजिक गतिविधियों के साथ सम्पन्न हुआ। दिन की शुरुआत प्रातः 6 बजे योग अभ्यास से हुई, जिसमें स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रथम सत्र में गांव माड़ौदी जाटान में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पॉजिट्रॉन हॉस्पिटल की टीम, जिसमें डॉ. सुमन, डॉ. नवीन, नर्सिंग स्टाफ अंजू, मिस शकीना एवं अन्य सदस्य शामिल रहे, ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र काहनौर की वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रियंका एवं उनकी टीम ने भी सक्रिय सहयोग दिया। स्वास्थ्य शिविर के दौरान ग्रामीणों की ब्लड प्रेशर, शुगर, आँखों एवं सामान्य स्वास्थ्य की जांच की गई। द्वितीय सत्र में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय की ओर से गांव को 51 पौधे भेंट किए गए। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पेड़ों के महत्व, उनके संरक्षण और भविष्य में उनके लाभों के बारे में जागरूक किया गया।

### *34 हजार की धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार*

**कलानौर।** पुलिस ने नौकरी के नाम पर 34 हजार रुपये की धोखाधड़ी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। कलानौर थाना प्रभारी निरीक्षक सतपाल ने बताया कि यह कार्रवाई सांगाहेड़ा निवासी सुरभि की शिकायत के आधार पर की गई। सुरभि ने पुलिस को बताया कि उसने नौकरी के लिए आवेदन किया था, जिसके बाद उसे एक संदेश मिला। संदेश में सात दिनों के लिए नोट्स लिखने के बदले 25 हजार रुपये देने का प्रस्ताव था। सुरभि आरोपियों की बातों में आ गई और रजिस्ट्रेशन फीस के नाम पर अलग-अलग लेनदेन के माध्यम से कुल 34,313 रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद उसे पता चला कि उसके साथ धोखाधड़ी हुई है। मामले की जांच एसआई प्रदीप द्वारा की गई। जांच के दौरान, पुलिस ने आरोपी लोकेश निवासी रामड़ी को गिरफ्तार किया।

---

हांसी जिले के भकलाना गांव में हुआ राष्ट्रीय सम्मेलन

# दलबीर सिंह फिर बने मौण खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

हांसी जिले के भकलाना गांव में मौण (मोहन) खाप का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में सर्वसम्मति से महम उपमंडल के भराण गांव निवासी दलबीर सिंह को खाप का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इससे पहले भी वे ही खाप के अध्यक्ष थे।

इस नियुक्ति पर दलबीर सिंह ने खाप के सदस्यों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह पद उनके लिए मात्र एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हमारी परंपराओं, संस्कृति और एकता को मजबूत करने का संकल्प है। वे भरोसा दिलाते हैं कि आने वाले दिनों में उनका हर निर्णय पारदर्शी, न्यायपूर्ण और समाज हित में होगा। खाप के सदस्य मिलकर अपनी खाप को और समृद्ध बनाएंगे।



**महम।** भकलाना गांव में आयोजित खाप के सम्मेलन में दलबीर सिंह को पगड़ी पहनाते खाप सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## जटिल मामलों का समयबद्ध तरीके से निपटान सुनिश्चित करने का भरोसा

# समाधान शिविर में अधिकारियों ने सुनीं जन समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

डीसी कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में गुरुवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने आमजन की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही उनके समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

शिविर में बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें और मांगें लेकर पहुंचे, जिनमें मुख्य रूप से राजस्व, बिजली, पानी, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड और भूमि संबंधी मामलों से जुड़ी समस्याएं शामिल रहीं। शिविर के दौरान अधिकारियों ने प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के कर्मचारियों को प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कई मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जिससे लोगों को राहत मिली। वहीं, जटिल मामलों के लिए समयबद्ध तरीके से निपटान सुनिश्चित करने का भरोसा दिया गया। डीसी कार्यालय के अधिकारियों ने कहा कि ऐसे समाधान शिविरों का उद्देश्य आम जनता को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराना है, ताकि लोगों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने बताया कि सरकार की मंशा है कि जनसमस्याओं का त्वरित और पारदर्शी तरीके से निपटारा किया जाए।




### ये रहे मौजूद

समस्या सुनने वाले अधिकारियों में नगराधीश अंकित कुमार, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त मनजीत सिंह, जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, डीएमसी जितेंद्र सिंह, कृषि उपनिदेशक डॉ. सुरेंद्र मलिक, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह, जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता संजीव कुमार, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी, डॉ. सतपाल, जिला सैनिक व अर्धसैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर गौरिका सुहाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व भाजपा के प्रतिनिधियों में सतीश चौधरी व एवं अंकुश बिड्डू मौजूद रहे।